एक नजर में

संपर्क अभियान के तहत शिविर कल

बैतूल। विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल शहर जोन- 2 के द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए संपर्क अभियान के तहत 6 जुलाई को शिविर आयोजित किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल जोन- 2 के प्रबंधक ने बताया कि सोमवार को कुनबी मंगल भवन गवर्नमेंट आईटीआई के सामने इटारसी रोड बैतूल में सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में क्लस्टर क्रमांक-6 के चंद्रशेखर वार्ड क्रमांक-15 और इंदिरा वार्ड क्रमांक- 22 के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

पिछले 24 घंटे में 26 .8 मिमी वर्षा दर्ज

बैतूल। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 26 .8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 3 जुलाई प्रातः 8 बजे से 4 जुलाई प्रातः 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 25 .4 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 14 .0 मिमी, चिचोली में 12 .0 मिमी, शाहपुर में 15 .0 मिमी, मुलताई में 22 .4 मिमी, प्रभात पट्टन में 19 .2 मिमी, आमला में 45 .0 मिमी, भैंसदेही में 75 .0 मिमी, आठनेर में 15 .2 मिमी तथा भीमपुर में 25 .0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026-27 में अब तक औसतन 236 .1 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

सामाजिक जन कल्याण समिति की बैठक आज

बैतूल। सामाजिक जन कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज रविवार 5 जुलाई को सुबह 11 बजे शहीद भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक सचिव शिवदयाल चौकीकर की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में समिति की आगामी गतिविधियों, संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श कर आगे की कार्ययोजना तय की जाएगी। समिति के पूर्व अध्यक्ष मानिकराव कापसे, पूर्व सचिव मानक प्रसाद वाईकर, वर्तमान कोषाध्यक्ष अजाबराव भूमरकर, डी.आर. झरबड़े, रामदास पंडाग्रे एवं कृष्णराव उबनारे ने समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संगठन के विकास, समाजहित से जुड़े विषयों तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों के सुझावों के आधार पर समिति की भावी योजनाओं एवं सामाजिक गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

मुलताई एवं प्रभातपट्टन में नेत्र शिविर 13 को

बैतूल। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल के तत्वावधान में घाटपिपरिया के स्व.शिवदयाल साहू की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 13 जुलाई दिन सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभात पट्टन में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध जनों की आंखों की जांच की जाएगी एवं जिन आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल में किए जाएंगे।

ट्रेंचिंग ग्राउंड से हटा कचरा, स्टेडियम निर्माण का रास्ता साफ

नवभारत न्यूज

बैतूल, 4 जुलाई. गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड की जमीन अब कचरे से मुक्त हो चुकी है। यहां जो कचरे के बड़े-बड़े पहाड़ लगे थे, उन्हें हटाकर जमीन को समतल कर दिया गया है। जहां आने वाले समय में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा।

स्टेडियम के लिए जमीन का समतलीकरण शुरू

स्टेडियम में दस हजार दर्शकों की रहेगी क्षमता

जिसके बाद क्रिकेट स्टेडियम में चौके-छक्के लगेग। दरअसल ट्रेंचिंग ग्राउंड की जमीन क्रिकेट स्टेडियम के रूप में विकसित होगी। नगरपालिका ने यहां से बड़े पैमाने पर कचरा हटाकर करीब 40 हजार 800 वर्गमीटर जमीन को साफ कर समतल कर दिया है। क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण को लेकर नगरपालिका मौके पर बचे कचरे को हटाने और मैदान को पूरी तरह तैयार करने का काम भी तेजी से कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही जनप्रतिनिधियों से समय मिलेगा, स्टेडियम के भूमिपूजन का कार्य किया जायेगा। बता दे कि ट्रेंचिंग ग्राउंड से बीते एक वर्ष के दौरान करीब 1.50 लाख टन पुराना कचरा हटाया गया है। यह कचरा वर्षो से ट्रेंचिंग ग्राउंड में एकत्रित हो रहा था। जिससे यहां कचरे का पहाड़ लग गया था और आसपास रहने वाले लोगों को भी दुर्गंध सहित गंदगी का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब वर्षों से जमा कचरे का पहाड़ हटने से जमीन का एक बड़ा हिस्सा सामने आया है। इसी जमीन पर राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं वाला क्रिकेट स्टेडियम तैयार करने की योजना है।

उत्कृष्ट मैदान की जमीन स्टेडियम बनाने की थी योजना: पहले स्टेडियम उत्कृष्ट स्कूल परिसर में बनाया जाना था। उस समय करीब 5 करोड़ रुपए लागत से स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया था। जिसके लिए टेंडर भी दिसंबर माह में हो चुका है। जल्द ही इसका भूमिपूजन करने की तैयारी भी थी, लेकिन इसी बीच यह बात सामने आई है कि स्टेडियम के लिए जो जगह चुनी गई है, वह निर्धारित मापदंडों से काफी कम है। यही कारण है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड की जमीन को स्टेडियम के लिए फाइनल किया गया। जहां कचरा हटने के बाद समतलीकरण का कार्य किया गया है, जिससे स्टेडियम के लिए जरूरी क्षेत्र तैयार हो गया है। हालांकि वर्तमान में कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड के एक तरफ डंप किया जा रहा है, जिसे भी जल्द हटा दिया जायेगा, ताकि स्टेडियम निर्माण में कोई दिक्कत न हो।

> क्रिकेट स्टेडियम को लेकर ट्रेंचिंग ग्राउंड वाली जमीन को फाइनल कर दिया है। कचरा हटाकर मैदान को समतलीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। जैसे ही कार्य पूर्ण होता है और जनप्रतिनिधियों से समय मिलता है, स्टेडियम निर्माण का भूमिपूजन कराया जायेगा।
>
> **- नवनीत पांडे,** सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

करीब 10 एकड़ बताई जा रही जमीन

गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड की कुल जमीन करीब 10 एकड़ बताई जा रही है। स्टेडियम के लिए लगभग 240 मीटर लंबी और 170 मीटर चौड़ी जमीन चिन्हित की गई है। इस हिसाब से करीब 40 हजार 800 वर्गमीटर क्षेत्र में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है। नगरपालिका ने स्टेडियम निर्माण के लिए रिवाइज एस्टीमेट तैयार किया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस परियोजना पर करीब 18 से 20 करोड़ रुपए खर्च हो सकते हैं। गौरतलब रहे कि आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल में राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई है। इसके पहले चरण में राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण होना है।

राष्ट्रीय स्तर के मानकों की होगी सुविधाएं

क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण पूरा होने के बाद जिले के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर मैदान उपलब्ध होगा। वर्तमान में शहर में प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में होता है। वहां सीमित सुविधाओं के कारण बड़े आयोजन कराने में परेशानी आती हैं। अब क्रिकेट स्टेडियम बनने के बाद यहां बड़े-बड़े आयोजन हो पायेगे। इसके साथ ही क्रिकेट स्टेडियम में प्रशासनिक सह पेवेलियन भवन, बाउंड्रीवॉल, फेंसिंग रिटेनिंग वॉल, कल्वर्ट, एंट्री गेट, आरसीसी ड्रेनेज, शौचालय, रेस्ट रूम, आरसीसी रोड, पार्किंग एरिया, क्रिकेट फील्ड, इलेक्ट्रिफिकेशन, स्टेडियम सीटिंग चेयर सहित अन्य निर्माण कार्य एवं व्यवस्थाएं की जाएंगी। स्टेडियम को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता के मानकों के अनुसार तैयार करने की बात कही जा रही है।

परिषद ने स्थापना दिवस पर स्वैच्छिकता पर्व का किया शुभारंभ

बैतूल। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी दसों विकासखंडों में स्वैच्छिकता पर्व का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 4 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य समाज में स्वैच्छिक सेवा, जनभागीदारी, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करना है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं एवं परामर्शदाताओं, सीएम सोशल इंटर्न, सामाजिक,

धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वैच्छिकता शपथ ग्रहण कर समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत जिलेभर में विभिन्न जनहितकारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण, नशामुक्ति शपथ, स्वैच्छिकता शपथ, प्रेरक उद्बोधन, स्वच्छता अभियान, संस्कार केंद्रों में संगोष्ठियाँ तथा स्वैच्छिक भाव से कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। जिला समन्वयक संतोष सिंह राजपूत ने बताया कि यह अभियान समाज में सेवा, सहयोग एवं जनभागीदारी की संस्कृति को मजबूत करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने सभी नागरिकों, नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, सामाजिक संगठनों तथा युवाओं से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाकर समाजहित के कार्यों में अपना योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वैच्छिक सेवा की भावना को जन-जन तक पहुँचाने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

मासिक बैठक में लंबित मांगों पर संघर्ष का ऐलान

बैतूल। विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ शाखा बैतूल की मासिक बैठक शनिवार को लिंक रोड स्थित उपप्रबंधक कार्यालय में राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुई।

बैठक में जुलाई 2026 में सेवा निवृत्त हुए विद्युत पेंशनरों का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही संगठन ने आश्वस्त किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके सभी देयकों का समय पर भुगतान सुनिश्चित कराने में हरसंभव सहयोग किया जाएगा। संघ के सचिव वी. एन. बारस्कर ने बताया बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों,

संगठन की मजबूती और स्वास्थ्य संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के उपाध्यक्ष अमृत देशमुख ने कहा कि राज्य सरकार विद्युत पेंशनरों को मिलने वाली मासिक पेंशन की गारंटी सुनिश्चित करे तथा केंद्र सरकार के पेंशनरों की तरह महंगाई राहत (डीआर) भी समान देय तिथि से प्रदान की जाए। उन्होंने इन मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने की बात कही। संघ के अध्यक्ष श्री वराठे ने सभी पेंशनरों से संगठन को सहयोग देने का आह्वान किया।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

बैतूल। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा बैतूल की नियमित मासिक बैठक आज रविवार 5 जुलाई को सुबह 11.30 बजे जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे के निवास पर आयोजित की जाएगी। बैठक में हाल ही में 30 जून को सेवा निवृत्त हुए पेंशनर्स साथियों का स्वागत, सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा। इसके साथ ही पेंशनर्स से जुड़े व्यक्तिगत एवं सामूहिक लंबित प्रकरणों पर प्रभावी और सार्थक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए संगठन की आगामी रणनीति भी तय की जाएगी। बैठक में चरणबद्ध आंदोलन की आगामी रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा होगी। विशेष रूप से 22 जुलाई 2026 को भोपाल के अम्बेडकर पार्क में आयोजित होने वाले प्रांत स्तरीय धरना-रैली कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैतूल जिले की सभी तहसीलों एवं जिला शाखा से अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर्स की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। संगठन की एकता को मजबूत करने तथा आंदोलन को सफल बनाने के लिए तन, मन और धन से सहयोग जुटाने की रणनीति भी बैठक में बनाई जाएगी।

समय सागर महाराज ससंघ मुलताई पहुंचे

मुलताई। शनिवार सुबह जैन संत आचार्य समय सागर महाराज अपने 20 शिष्य संतों के साथ पवित्र नगरी मुलताई पहुंचे। जिनका सकल जैन समाज के लोगो ने भव्य स्वागत किया गया।

जैन समाज के प्रतिनिधि महेंद्र जैन ने बताया संत समय सागर महाराज नागपुर से भोपाल की ओर प्रस्थान कर रहे हैं इस दौरान उन्होंने शनिवार को मुलताई में प्रवास किया। जैन समाज के राजू जैन ने बताया संत समय सागर महाराज ससंघ शुक्रवार रात्रि नगर के समीप ग्राम मालेगांव पहुंचे एवं रात्रि विश्राम किया,शनिवार सुबह जैन समाज के लोग ग्राम मालेगांव

पहुंचे एवं जैन संतो का भव्य स्वागत किया एवं संत समय सागर महाराज एवं संतो के साथ एक जुलूस के रूप में नगर के दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे एवं अपने मुखारबिंद से सामाजिक बंधुओ को आशीर्वाचन दिए।जिसके पश्चात महाराज जी एवं उनके शिष्य नगर के विभिन्न जैन परिवारों में स्वल्पाहार के लिए गए। स्वल्पाहार के पश्चात कुछ देर विश्राम करने के बाद महाराज द्वारा अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान ब ?ी संख्या में इंदौर,भोपाल,अमरावती, नागपुर सहित अन्य स्थानों से उनके अनुयाईयों ने मुलताई पहुंचकर उनके दर्शन किए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री से नवभारत के संपादक ने की शिष्टाचार मुलाकात

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में उनके निवास पर नवभारत भोपाल के संपादक दिलीप झा ने एक शिष्टाचार मुलाकात की।

27,778 बच्चों को मिलेंगे डेस्क युक्त स्कूल बैग

बैतूल। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत शिक्षा और स्वास्थ्य को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर बच्चों के लिए कई शैक्षणिक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रेरक नेतृत्व में केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद दुर्गादास उइके के अथक प्रयासों से भारत सरकार के उपक्रम हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत यूनिसेड संस्था के सहयोग से जिले के 27,778 विद्यार्थियों को डेस्क युक्त शैक्षणिक बैग वितरित किए जाएंगे। स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम 5 जुलाई 2026 को

5 जुलाई को आयोजित होगा कार्यक्रम

शैक्षणिक बैग किए जायेंगे वितरित

अपराह्न 3 बजे जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के अटल सभागार में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैतूल संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके होंगे। कार्यक्रम में समस्त विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं भारत सरकार के खान मंत्रालय के नीति सलाहकार तथा राजभाषा समिति के सदस्य अवनीश त्रिपाठी भी उपस्थित रहेंगे यूनिसेड संस्था भारत की एक अग्रणी संगठन विकसित भारत के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विभिन्न आईआईटी के साथ देश भर में सामुदायिक शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए नवाचारों की शुरुआत करते हुए ग्रामीण, वंचित, कमजोर वर्ग के जीवन को बदलने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

फंदे पर मिली विवाहिता, मायका पक्ष बोला-प्रताड़ना ने ली जान

आमला। नगर के तहसीलदार चाल क्षेत्र में साहूकार परिवार की बड़ी बहू रंजिता यादव ने अपने घर के बाथरूम में शॉवर के पाइप से चुन्नी बांधकर फांसी लगा ली। परिजनों के अनुसार जब रंजिता करीब 45 मिनट तक बाथरूम से बाहर नहीं आई तो दरवाजा खटखटाया गया।

अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां वह फंदे पर लटकी मिली। उसे नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अस्पताल से मेमो मिलने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मृतका के मायके पक्ष को सूचना दी गई, जिसके बाद उसकी मां, बहन और अन्य परिजन आमला पहुंचे। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। मृतका की मां ने बताया कि रंजिता अपनी बड़ी बेटी को खिलाड़ी और छोटी बेटी को आईएएस अधिकारी बनाना चाहती थी। पोस्टमार्टम से पहले मीडिया से बातचीत में मृतका की बहन विजेता और मां ने ससुर सुरेंद्र यादव, सास पुष्पा यादव तथा देवरानी मुस्कान यादव पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि शादी से पहले बताया गया था कि रंजिता का पति नागपुर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, लेकिन शादी के बाद पता चला कि वह आमला में कपड़ों की दुकान संचालित करता है।

आरोप है कि ससुर गाली-गलौज करते थे, सास गरीब परिवार से होने का ताना देकर प्रताड़ित करती थीं और देवरानी भी मानसिक रूप से परेशान करती थी। बहन ने आरोप लगाया कि लगातार प्रताड़ना के कारण उसकी बहन ने यह कदम उठाया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।मृतका की बहन ने मीडिया के माध्यम से भावुक अपील करते हुए कहा कि उनकी बहन को न्याय मिलना चाहिए और दोषियों को सजा दी जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि माता-पिता को विवाह से पहले पूरी जानकारी की जांच-पड़ताल करनी चाहिए।

ससुराल पक्ष ने टिप्पणी से किया इनकार

इस मामले में ससुराल पक्ष से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आयुष संस्थाओं में आयुष अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

बैतूल। जिले की सभी आयुष संस्थाओं में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, अनुशासित और जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं।

विभागीय निर्देशों के पालन की समीक्षा

मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का किया मूल्यांकन

निरीक्षण के दौरान संस्थाओं की कार्यप्रणाली, समयपालन, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा विभागीय निर्देशों के पालन की गहन समीक्षा की जा रही है, जिससे आयुष औषधालयों की व्यवस्थाओं में सकारात्मक सुधार सुनिश्चित हो सके। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि जिले की सभी आयुष औषधालयों के सुचारू संचालन को बनाए रखने के लिए यह सतत निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यह देखा जा रहा है कि संस्थाएं निर्धारित समय पर खुल और बंद हो रही हैं या नहीं, कर्मचारियों द्वारा सार्थक ऐप पर नियमित उपस्थिति दर्ज की जा रही है या नहीं तथा सिकल सेल एनीमिया से ग्रस्त मरीजों को समय पर औषधियों का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आई गॉट कर्मयोगी एप पर अधिक से अधिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूर्ण करने, औषधीय पौधों का व्यवस्थित रखरखाव करने तथा विभागीय दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही कलेक्टर बैतूल के आदेशानुसार शासकीय कार्यप्रणाली में मितव्ययिता एवं उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग संबंधी निर्देशों का गंभीरता से पालन करने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान औषधालयों में आने वाले मरीजों के प्रति स्टाफ के व्यवहार, आवश्यक औषधियों की उपलब्धता तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का भी बारीकी से मूल्यांकन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के नियमित और सतत निरीक्षण से संस्थाओं की कार्यप्रणाली में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित होता है।

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

मुलताई। पवित्र नगरी में प्रतिवर्ष अषाढ़ मास की शुक्ल सप्तमी पर मां ताप्ती जन्मोत्सव भव्य रूप में मनाया जाता है। जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को नपा अध्यक्ष नीतू परमार सहित पार्षदों एवं अधिकारियो ने मां ताप्ती परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जन्मोत्सव के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।वहीं परिक्रमा मार्ग पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, यातायात प्रबंधन, अतिक्रमण हटाने, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक सभी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन अभियान प्रारंभ

बैतूल। वर्षा ऋतु के आगमन के साथ कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सभी शासकीय हैंडपंपों तथा पेयजल स्त्रोतों का चरणबद्ध रूप से क्लोरीनेशन कराया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पेयजल स्त्रोतों को पूर्णतः जीवाणुरहित रखते हुए ग्रामीण नागरिकों को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वर्षा ऋतु में भूजल एवं अन्य जल स्त्रोतों के दूषित होने की संभावना रहती है। इसे दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा नियमित रूप से हैंडपंपों तथा पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन एवं विसंक्रमण कराया जा रहा है, जिससे जलजनित रोगों जैसे डायरिया आदि की रोकथाम की जा सके तथा ग्रामीणों को गुणवत्तायुक्त पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। विभाग द्वारा जिले के 5 उप-खंडीय जल परीक्षण प्रयोगशालाएं संचालित की जा रही हैं। आमजन अपने क्षेत्र के पेयजल की शुद्धता की जांच के लिए बैतूल प्रयोगशाला सुश्री ज्योति सरेयाम, सहायक यंत्री भैंसदेही प्रयोगशाला निखिल जैन, सहायक यंत्री चिचोली प्रयोगशाला सुश्री वंदना उपराले, सहायक यंत्री शाहपुर प्रयोगशाला योगेश धुर्वे, सहायक यंत्री मुलताई प्रयोगशाला श्री संजीव नाखाते, सहायक यंत्री पर संपर्क कर सकते है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वर्षा ऋतु के दौरान जलजनित बीमारियों से बचाव पेयजल को हमेशा स्वच्छ, विसंक्रमित एवं ढक्कनदार बर्तनों में ही सुरक्षित रखे, पानी निकालने के लिए लंबे हैंडल वाले स्वच्छ बर्तन या करछी का उपयोग करें, सीधे हाथ पानी में न डालें, जनस्वास्थ्य की दृष्टि से, यदि संभव हो तो पेयजल को उबालकर एवं ठंडा करने के उपरांत ही उपयोग में लाएं। हैंडपंप एवं अन्य पेयजल स्त्रोतों के परिधि के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा गंदा पानी जमा न होने दें। यदि किसी क्षेत्र में पेयजल दूषित, गंधयुक्त अथवा संदिग्ध प्रतीत होता है, तो उसका उपयोग तत्काल रोकें और उपरोक्त संबंधित उप-खंडीय प्रयोगशाला प्रभारी या विभागीय अधिकारियों को त्वरित सूचना दे।